शिया कालेज डाटा रिसोर्स सेल

शिया पी.जी. कालेज, सीतापुर रोड, लखनऊ

वेबसाइट : www.shiacollege.org ई-मेल : scdrc.shiacollege@gmail.com फोन : 9415177506, 8601800340

डॉ. प्रदीप शर्मा
निदेशक

दिनांक : 03.04.2020

Internal Assessment/Project/Mid-Term Examination के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

कोरोना वायरस महामारी को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय एवं अपना महाविद्यालय लम्बे समय से बन्द है। यू0जी0सी0 तथा कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्देश जारी किये गये है कि सभी शिक्षक ऑनलाइन क्लासेस एवं ई–कंटेट पर विशेष ध्यान दें जिससे छात्र/छात्राओं का अध्ययन प्रभावित न हो। इस सम्बन्ध में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिस आप सबको भेजा जा चुका है। इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय अपने सभी छात्रों की मिट–टर्म परीक्षा व इन्टरनल असेसमेंट का कार्य ऑनलाइन विधि से संचालित कर रहा है। महाविद्यालय अभी लम्बे समय तक बन्द रहेगा, लेकिन हमें पहले से तैयारी शुरू कर देनी चाहिये जिससे लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा इस तरीके का आदेश महाविद्यालय के लिये लागू हो तो उससे पूर्व ही हम इसका संचालन कर सकें।

इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के **Internal Assessment/Project/ /Mid-Term Examination** का कार्य ऑनलाइन विधि से संचालित किया जायेगा इसके लिये आप सभी को अभी से प्रयास शुरू करने होंगे जिससे यह कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया जाये।

<u>ऑनलाइन विधि से इस कार्य को संचालित करने के लिये दिशा–निर्देश</u>

Internal Assessment/Project/ /Mid-Term Examination को ऑनलाइन विधि से संचालित करने के लिये हमें निम्नलिखित प्रक्रिया अपनानी होगी :–

1. सभी शिक्षक अपने–अपने व्हाट्स–अप ग्रुप में छात्रों से संवाद करते हुये उन्हे निर्देशित करेंगे कि वो अपने मोबाइल में **Play Store** से **Cam Scanner** डाउनलोड कर लें।
2. **Cam Scanner** डाउनलोड करने के बाद उन छात्र/छात्राओं से कहना होगा कि वह दिये गये असाइनमेंट की फोटो **Cam Scanner** के माध्यम से क्लिक करें और पी0डी0एफ0 फाईल फार्मेट में अपने विषय से सम्बन्धित शिक्षक के व्हाट्स–अप या ई–मेल पर भेज दें।

3. छात्र/छात्रों को यह भी निर्देश दें कि **Cam Scanner** से फोटो खींचने से पहले पेज पर अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, कक्षा, सेमेस्टर, विषय और रोल नम्बर का वर्णन कर दें।

4. एस0सी0डी0आर0सी0 कार्यालय द्वारा सभी विषय के शिक्षकों कों **Internal Assessment/Project/Mid-Term Examination** की लिस्ट सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करायी जायेगी जिसमें सभी शिक्षक अपने मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से छात्र/छात्राओं के नाम के आगे उनके अंक भर देगें।

5. इन अंको को भरने के बाद सभी शिक्षक लिस्ट वापस एस0सी0डी0आर0सी0 कार्यालय को ई–मेल या व्हाट्स अप के माध्यम से भेज देंगें।

उपरोक्त प्रक्रिया में किसी भी शिक्षक या छात्र/छात्रा को कोई परेशानी आती है तो वह निम्नलिखित लोगों से प्रातः 11:00 बजे से शायं 5:00 बजे के बीच व्हाट्स अप या फोन द्वारा मदद ले सकते हैं :–

1. श्री जय शंकर मोबाइल नम्बर – 9889498944
2. श्री राजकुमार सैनी मोबाइल नम्बर – 9839036641

छात्रों द्वारा असाइनमेंट भेजने की अंतिम तिथि – **11 अप्रैल, 2020**

शिक्षकों द्वारा अवार्ड लिस्ट पर अंक देकर एस0सी0डी0आर0सी0 कार्यालय को भेजने की अंतिम तिथि – **14 अप्रैल, 2020**

नोट :– 10 अप्रैल, 2020 तक जितने छात्र/छात्राओं के असाइनमेंट आ जायें उनको ही चढ़ाकर भेज दिया जाये।

यह बड़ा कठिन दौर है इस दौर में हम सबको कुछ नये प्रयोग करने पड़ रहे हैं लेकिन हमें उम्मीद है कि हम सब इस कठिन चुनौती का सफलतापूर्वक संचालन कर लेंगे।

सधन्यवाद।

भवदीय,

डॉ0 प्रदीप शर्मा
निदेशक, एस.सी.डी.आर.सी.
शिया महाविद्यालय,
लखनऊ।